ऑटिज्म रिसर्च रिव्यू इंटरनैशनल, **1994**, वॉल्यूम **8**, संख्या **3**, पृष्ठ **3**

गहन प्रारम्भिक व्यावहारात्मक हस्ताक्षेप: एक समर्थन पत्र

Bernard Rimland, Ph.D.
Autism Research Institute
4182 Adams Avenue
San Diego, CA 92116

"हम तीन वर्ष की उम्र के स्वलीनता से पीड़ित एक बच्चे के माता पिता हैं। लेट मी हियर योर वॉयस (Let Me Hear Your Voice) पढ़ने के बाद और अन्य माता-पिताओं से बातचीत करने के बाद जिन्होंने प्रारम्भिक व्यावहारात्मक हस्तक्षेप को आज़माया है, हम अपने बच्चे को एक गहन प्रारम्भिक हस्तक्षेप व्यावहारात्मक कार्यक्रम में नामांकित करने के लिए बहुत उत्सुक हो गए हैं। स्कूल के अधिकारी संदेही और अनिच्छुक हैं। हमारे बच्चे के लिए इस प्रकार का इलाज प्राप्त करने में हमारी मदद करने के लिए क्या आप हमें एक समर्थन पत्र लिखेंगे?"

लगभग पहले एक दर्जन ऐसे निवेदनों का अलग-अलग जवाब देने के बाद मैंने एक आम "उसको जिससे यह संबंधित हो" समर्थन पत्र लिखा जिसे पूरे यू. एस., कैनेडा और हाल में ऑस्ट्रेलिया में स्थित उन परिवारों को भेजा गया है जिन्होंने मदद के लिए फ़ोन किए हैं, फ़ैक्स किए हैं या पत्र लिखे हैं। क्योंकि ऐसे बहुत सारे अन्य परिवार हैं जिन्हें भी लाभ पहुँच सकता है, यहाँ पर मेरा समर्थ न पत्र दिया गया है:

उसको जिससे यह संबंधित हो:

स्वलीनता के क्षेत्र में अनुसंधान में **30** वर्ष से अधिक अनुभव वाले एक मनोवैज्ञानिक के रूप में, और ऑटिज्म रिसर्च रिव्यू इंटरनैशनल के संपादक के रूप में, मैं दृढ़ता से आधिकारिक बयान देता हूँ कि अधिकांश स्वलीनता से पीड़ित बच्चों में सुधार लाने के लिए एक विधि - वास्तव में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण उपलब्ध विधि - के रूप में मैं गहन प्रारम्भिक व्यावहारात्मक हस्तक्षेप के महत्त्व का समर्थन करता हूँ। गहन प्रारम्भिक व्यावहारात्मक हस्तक्षेप के महत्त्व के लिए मेरा समर्थन प्रमाण की दो लाइनों पर आधारित है:

अनुसंधान: इसमें कोई संदेह नहीं है कि अनुसंधान का प्रमाण स्वलीनता में गहन प्रारम्भिक व्यावहारात्मक हस्तक्षेप के महत्त्व के पक्ष में दृढ़ता से समर्थन देता है। प्रिंसटन चाइल्ड डेवेलपमेन्ट इंस्टीच्यूट के फेनसके और अन्य (Fenske et al.) द्वारा **1985** में प्रकाशित ऐनल्स ऑफ़ इंटरवेन्शन इन डेवेलपमेन्टल डिसएबिलिटीज़ (Annals of Intervention in Developmental Disabilities) (वॉल्यूम **5**, पृष्ठ **849-56**) में रिपोर्ट की गई कि पाँच वर्ष की उम्र से पहले कार्यक्रम में नामांकित स्वलीनता से पीड़ित बच्चों में से **60%** में सफलतापूर्वक मुख्य धारा में लाए जाने लायक (केवल शामिल किए जाने लायक नहीं) सुधार हुआ था।

पीसीडीआई (PCDI) अध्ययन ने थोड़ा ही ध्यान आकर्षित किया। गहन प्रारम्भिक व्यावहारात्मक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में मौजूदा उच्च स्तरीय रुचि के लिए मुख्य प्रोत्साहन नियंत्रित प्रयोग के प्रकाशन से प्राप्त हुआ जिसमें एक गहन हस्तक्षेप कार्यक्रम में शामिल **19** बच्चों की तुलना, बहुत से मापों पर, **40** नियंत्रण समूह बच्चों के साथ की गई जो कम गहन कार्यक्रमों में भाग लेते थे। "गहन" समूह में नौ बच्चों को मुख्य मुख्य धारा में लाया जा सका जबकि विरोधी नियंत्रण समूह में केवल एक को। आइवर लोवास (Ivar Lovaas) और उसके सहकर्मियों द्वारा यूसीएलए (UCLA) में इस अध्ययन के अत्यधिक सकारात्मक परिणाम इतने अप्रत्याशित थे कि जर्नल ऑफ़ कन्सलटिंग ऐन्ड कलीनिकल साइकॉलोजी, के संपादकों ने रिपोर्ट प्रकाशन से पहले इसे तीन सम्माननीय सह-संपादकों द्वारा विशिष्ट पुनर्निरीक्षण के अधीन रख दिया (वॉल्यूम **65**, नंबर **1**, **1987**, पृष्ठ **3-9**)। बाद में, अमरीकी जर्नल में मानसिक मन्दता पर एक अनुवर्ती लेख प्रकाशित किया गया जिसमें मैकईचिन (McEachin), स्मिथ (Smith) और लोवास (Lovaas) ने रिपोर्ट की कि सभी इकाइयों में गहन समूह की श्रेष्ठ शैक्षिक प्रगति और सामान्य सामाजिक उपलब्धि उनके पूरे किशोरावस्था के वर्षों के दौरान जारी थी।

इस सबसे हाल की रिपोर्ट पर टिप्पणी करने के लिए बहुत से अत्यधिक सम्माननीय व्यावसायिकों को आमंत्रित किया गया और उनकी टिप्पणियाँ, जो लगभग समान रूप से बहुत प्रशंसात्मक थीं, इसी अंक में प्रकाशित की गई।

एक प्रारम्भिक गहन हस्तक्षेप कार्यक्रम पर आधारित मिलते-जुलते अत्यधिक सकारात्मक परिणाम, जर्नल ऑफ़ ऑटिज्म ऐन्ड डेवेलपमेन्टल डिसएबिलिटीज़ (वॉल्यूम **21**, नंबर **3**, **1991**, पृष्ठ **261-290**) में रुटगर्ज यूनिवर्सिटी के हैरिस और अन्य द्वारा प्रकाशित किए गए। जबकि पीसीडीआई और यूसीएलए अध्ययनों में कम कार्यशील स्वलीनता से पीड़ित बच्चों का उपयोग किया गया, रुटगर्ज अध्ययन के बच्चे हल्के से लेकर मध्यम रूप से प्रभावित थे।

डॉक्टरी प्रमाण: लोवास अध्ययन के प्रकाशन के समय से पूरे युनाइटेड स्टेट्स में मुझसे असंख्य अभिभावकों ने संपर्क किया है जिन्होंने अपने ख़ुद के बच्चों के साथ प्रारम्भिक गहन व्यावहारात्मक हस्तक्षेप का बीड़ा उठाया है, कभी-कभी घरेलू कार्यक्रम आधार पर और कभी-कभी उनकी स्कूल पद्धतियों के माध्यम से। मैंने इन परिवारों से प्रारम्भिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों के लिए जो नियमित रूप से दृढ़ समर्थन प्राप्त किए हैं उनसे मैं बहुत प्रशंसात्मक रूप से प्रभावित रहा हूँ। एक माँ ने हाल में मुझे यह रिपोर्ट करने के लिए टेलिफ़ोन किया कि स्वलीनता से पीड़ित बच्चों की मदद करने के लिए विशिष्ट स्कूल कार्यक्रम में उसने पिछले तीन वर्षों में अपने बेटे में जो सुधार देखा था उसकी तुलना में उसके बेटे ने उन तीन सप्ताहों में अधिक सुधार दर्शाया था जब वह अत्यधिक गहन "लोवास" कार्यक्रम में था। ऐसा उत्साह असाधारण नहीं है।

ग़लत धारणाएँ: जब मैंने सबसे पहले **1965** में व्यवहार परिवर्तन के बारे में लिखना और व्याख्यान देना शुरू किया तो दो ग़लत धारणाएँ प्रचलित थीं। दुर्भाग्यवश, वही दो धारणाएँ आज भी प्रचलित हैं।

व्यावहारात्मक हस्तक्षेप के कुछ आलोचक दावा करते हैं कि हस्तक्षेप से प्रशिक्षित सीलों की तरह कठोर, रोबोट जैसे व्यवहार वाले बच्चे उत्पन्न होते हैं। यह बिल्कुल बकवास है। अपनी श्रेष्ठ पुस्तक लेट मी हियर योर वॉयस (Let Me Hear Your Voice) में लेखिका कैथरीन मॉरिस बताती हैं कि कैसे उसके दो गंभीर रूप से स्वलीनता से पीड़ित बच्चे, जिनका न्यू-यॉर्क सिटी में विभिन्न विशिष्ट तंत्रिका विशेषज्ञों और मनोचिकित्सकों द्वारा स्वलीनता से पीड़ित के रूप में निदान किया गया था, इस हद तक दोबारा स्वस्थ हो गए हैं कि मुख्य रूप से, एक गहन गृह-आधारित प्रारम्भिक हस्तक्षेप व्यावहारात्मक कार्यक्रम के परिणाम-स्वरूप उन्हें सामान्य से भिन्न समझने का कोई कारण नहीं है। मैंने हाल में ईरा कोहेन, पी. एच. डी. (Ira Cohen, Ph.D.) और रिचर्ड पेरी, एम.डी. (Richard Perry M.D.) से बात की है जो कैथरीन मॉरिस की पुस्तक में वर्णित दोनों बच्चों से परिचित हैं। वे रिपोर्ट करते हैं कि उन्होंने इन बच्चों में स्वलीनता के कोई लक्षण नहीं देखे हैं, और वास्तव में इस अभिप्राय से इन्होंने एक लेख लिखा है जो, निकट भविष्य में, जर्नल ऑफ़ दि अमेरिकन अकेडमी ऑफ़ चाइल्ड ऐन्ड अडोलोसेन्ट साइकिएट्री में प्रकाशन के लिए निर्धारित है।

दूसरी ग़लत धारणा यह है कि व्यावहारात्मक हस्तक्षेप के लिए आम रूप से प्रतिकूल प्रोत्साहन की ज़रूरत होती है। यह सच नहीं है! व्यावहारात्मक हस्तक्षेप में सकारात्मक पुनर्बलन का बहुत ज़्यादा इस्तेमाल किया जाता है, और हलके से भी प्रतिकूल प्रोत्साहनों, जैसे कि एक जोरदार "नहीं" की भी दुर्लभ ही ज़रूरत पड़ती है। (प्रतिकूल प्रोत्साहनों का इस्तेमाल अक्सर प्रारम्भिक दिनों में किया जाता था।)

स्वलीनता से स्वास्थ्यलाभ: प्रारम्भिक व्यावहारात्मक हस्तक्षेप के प्रभावों के बारे में इतना संशयवाद क्यों है? निस्संदेह, कुछ लोग स्वाभाविक रूप से संशयात्मक हैं क्योंकि स्वलीनता को एक जैविक विकार के रूप में जाना जाता है और शायद यह असम्भावित प्रतीत हो कि कोई व्यावहारात्मक इलाज इतना प्रभावपूर्ण हो सकता है। अत्यधिक केंद्रित, गहन, दीर्घकालीन प्रशिक्षण दिए जाने पर लगभग अविश्वसनीय कार्यों को पूरा कर लेने की शरीर की योग्यता को कम न आँकें। किसी ओलम्पिक जिमनास्ट के असाधारण कौशलों पर और इनके लिए ज़रूरी प्रशिक्षण की गहनता पर विचार करें। जिमनास्ट के आश्चर्यजनक करतब केवल गहन प्रशिक्षण के द्वारा ही संभव हो पाते हैं। इस प्रमाण से पता चलता है कि कम से कम कुछ स्वलीनता से पीड़ित बच्चों के लिए अपनी असमर्थता को दूर करना सीखना संभव है यदि वे प्रारम्भिक अवस्था में शुरुआत करें और यह अभ्यास वास्तव में गहन हो और एक के साथ एक व्यक्ति प्रति सप्ताह **30** घंटे से ज़्यादा का हो।

लेकिन वह क्या है, जिसका अभ्यास उन्हें स्वलीनता को दूर करने के लिए करना चाहिए? मैंने अपने **1965** के लिए "क्रियाशील अनुकूलन: मानसिक रूप से बीमार बच्चों के इलाज में महत्त्वपूर्ण खोज", में इस प्रश्न पर ध्यान दिया। कोई भी व्यक्ति न यह जानता है कि क्रियाशील अनुकूलन [जिसे व्यवहार परिवर्तन कहते हैं], क्यों कार्य करता है और न ही यह कि क्यों व्यवहार में परिवर्तन सामान्य बन जाते हैं और इतने सारे नए व्यवहारों पर लागू होते हैं। मेरा ख़ुद का सिद्धांत यह है कि, विशिष्ट व्यवहार सिखाए जाने के अतिरिक्त, क्रियाशील प्रशिक्षण से बच्चे को यह भी शिक्षा प्राप्त होती है कि उसे अपने ध्यान को किस तरह निर्दे शित और केंद्रित करना है। उद्देश्य विशेष के लिए अनुकूलित करना - सीखना कि अपना ध्यान कैसे केंद्रित करना है और फ़ैसला

करना कि किस पर ध्यान लगाना है - हमारे साथ इतने स्वाभाविक रूप से होता है कि हम उसे महत्त्व नहीं देते हैं। लेकिन आप तब तक नहीं सीख सकते हैं जब तक आप ध्यान न लगा सकें। मैं सुझाव देता हूँ कि स्वलीनता से पीड़ित बच्चों को सीखने की ज़रूरत है कि उन्हें अपना ध्यान कैसे लगाना है, केंद्रित करना है और निर्देशित करना है। विशिष्ट तात्कालिक अभिप्रेरणा के बिना - कॉलेज डिग्री जैसी दीर्घ-विस्तार अभिप्रेरणा नहीं - किसी विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रम के बिना जिसकी सहायता से वे छोटे कदमों से आगे बढ़ सकें, बहुत सारे बच्चे कभी नहीं सीखेंगे। क्रियाशील प्रशिक्षण की सहायता से स्वलीनता से पीड़ित बच्चा न केवल सीखता है, बल्कि वह सीखता है कि कैसे सीखना है।

जब मैंने **30** वर्ष पहले ये शब्द लिखे थे, तब मुझे अहसास नहीं था कि गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त स्वलीनता से पीड़ित बच्चे भी अपने ध्यान को प्रभावपूर्ण ढंग से लगाना सीख सकते हैं, यदि परिस्थितियों - गहन व्यवहार परिवर्तन - की ज़रूरत हो कि वे ध्यान लगाना सीखें। उसी लेख में (जो **1965** में ऑटिज्म सोसाइटी ऑफ़ अमेरिका की स्थापना करने में मेरे द्वारा दिए गए सम्भाषण पर आधारित था), मैंने यह भी कहा, - "बच्चों को अन्य बच्चों - उनसे मिलते-जुलते मन्दबुद्धि या सामान्य - के साथ ऐसी मज़बूत, ढाँचागत, क्लासरूम परिस्थिति में रखने के महत्त्व को बढ़ा-चढ़ा कर नहीं कहा जा सकता है। एक बार जब बच्चे का व्यवहार और ध्यान नियंत्रण में आ जाता है तो परिवार और अध्यापक उसके आगे के प्रशिक्षण और सामाजीकरण को नियंत्रण में ले सकते हैं... यदि बच्चे के अध्यापक और उसका परिवार हठ पर उतर जाएँ कि बच्चा अनुपालन करे और उसमें सुधार हो, और वे ऊपर वर्णित सिद्धांतों का प्रयोग करें, तो उसमें अक्सर असाधारण रूप से सुधार होगा।"